दिन– मंगलवार दिनांक– 29 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा में आज भी ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी रहेगी। राज्यसभा में भी इसी मुद्दे पर आज होगी चर्चा की शुरूआत।

02. सर्वोच्च न्यायालय आज एक बार फिर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वैशाली में नवनिर्मित बुद्ध सम्यक संग्रहालय और स्मृति स्तूप का उद्घाटन करेंगे।

04. और, राजधानी पटना समेत दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में पिछले छत्तीस घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त। दो अगस्त से और भारी बारिश का पूर्वानुमान।

---

लोकसभा में आज भी ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी रहेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत के सशक्त, सफल और निर्णायक अभियान पर कल चर्चा आरंभ की। रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना हमले के जवाब में भारत ने बिना किसी उकसावे वाली, नपी–तुली और पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाने की कार्रवाई की।

–––बाईट–––

विपक्ष की आलोचना करते हुए श्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के कुछ सदस्य पूछ रहे हैं कि भारत के कितने विमान मार गिराए गए, जो सच्ची राष्ट्रीय भावनाओं के विपरीत हैं। चर्चा में भाग लेते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत की सैन्य कार्रवाई, सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए नई शुरुआत का संकेत है। विदेश मंत्री ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी तरह की बाहरी मध्यस्थता का पूरी तरह खंडन किया। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम में अमरीका की कोई भूमिका नहीं थी। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि मौजूदा व्यापार वार्ता और सैन्य कार्रवाई के बीच कोई संबंध नहीं है।

चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा न करने पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने भारतीय सेना की क्षमताओं और स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर सवाल उठाने के लिए विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की। लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की शांभवी ने कहा कि पहलगाम में

आतंकी हमला केवल नागरिकों पर ही नहीं, बल्कि समूची मानवता पर आक्रमण था। जनता दल यूनाईटेड के दिलेश्वर कामैत और लवली आनंद सहित अन्य सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया।

इधर, राज्यसभा में भी आज पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरूआत होगी। चर्चा के लिए सोलह घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

---

सर्वोच्च न्यायालय आज एक बार फिर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। कल इस मामले की सुनवाई करते हुये पीठ ने निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे एसआईआर अभियान पर तत्काल रोक लगाने से इंकार कर दिया था।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वैशाली में नवनिर्मित बुद्ध सम्यक संग्रहालय और स्मृति स्तूप का उद्‌घाटन करेंगे। उद्‌घाटन समारोह में पन्द्रह देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———बाईट———

बुद्ध सम्यक दर्शन सह स्मृति स्तूप में भगवान बुद्ध का पावन अस्थि कलश स्थापित किया गया है, जो स्मारक का प्रमुख केन्द्र बिन्दु है। भगवान बुद्ध का यह अस्थि अवशेष सबसे प्रमाणिक है। इसका उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है। बहत्तर एकड़ क्षेत्र में फैले इस भव्य स्तूप का निर्माण राजस्थान के गुलाबी पत्थरों से किया गया है। इस पर पांच सौ पचास करोड़ रूपये की लागत आयी है। इसकी ऊंचाई सांची के स्तूप से लगभग दोगुनी है। बुद्ध सम्यक दर्शन सह स्मृति स्तूप न केवल वैशाली को वैश्विक बौद्ध मानचित्र पर प्रतिष्ठित करेगा बल्कि पर्यटन, संस्कृति और रोजगार के नये अवसर भी पैदा करेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए वैशाली से मनोज कुमार सिंह।

---

राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के आज पांच वर्ष पूरे हो रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विद्यालयों को ज्ञान प्राप्त करने के ऐसे स्थानों में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना है, जहां शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, अंकों या रटने तक सीमित न रहे। पिछले पांच वर्ष में इस नीति ने भारत में अधिक समावेशी, शिक्षार्थी—केंद्रित और भविष्य अनुरूप शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है।

---

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी ने कहा है अब आवासीय, जाति और आय जैसे प्रमाण पत्र जारी करने के पूर्व एआई तकनीक से जांच की जायेगी। सोसाईटी ने सभी जिला पदाधिकारियों को प्रमाणीकरण प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिनिश्चत कराने का निर्देश दिया है। इधर, पटना के मसौढ़ी अंचल में एक कुत्ते के नाम से जारी

आवासीय प्रमाण पत्र को जिला प्रशासन ने रद्द कर दिया है। मामले में आवेदक, आईटी सहायक और संबंधित राजस्व पदाधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, राजस्व पदाधिकारी के निलंबन की अनुशंसा की गयी है। वहीं, आईटी सहायक को सेवामुक्त कर दिया गया है।

---

पटना के मनेर प्रखंड के बलुआं पंचायत के सचिव संदीप कुमार ने स्थानीय विधायक भाई बीरेन्द्र पर प्राथमिकी दर्ज करवायी है। पटना स्थित एससी–एसटी थाने में पंचायत सचिव की ओर से विधायक पर धमकी देने समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करायी गयी है। पंचायत सचिव ने कहा कि उन्हें राजद विधायक भाई बीरेन्द्र से जान का खतरा है।

–––बाईट–––

इस बीच, राजद विधायक भाई बीरेन्द्र ने कहा कि उन्होंने पंचायत सचिव को धमकी नहीं दी है, उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है।

–––बाईट–––

---

राजधानी पटना समेत दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में पिछले छत्तीस घंटों से मूसलाधार बारिश हो रही है। कल पटना में एक सौ पचपन मिलीमीटर से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गयी। लगातार हो रही बारिश के चलते पटना के निचले इलाकों में भीषण जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। कई जगहों पर मुख्य सड़क पर भी जल जमाव के कारण आवागम प्रभावित हुआ है।

–––बाईट–––

पटना के गांधी मैदान, बाजार समिति, राजेन्द्र नगर, कंकड़बाग, मीठापुर, राजीवनगर, पटेल नगर, अजीमाबाद कॉलोनी, रामकृष्णा नगर और संदलपुर समेत दर्जनों मोहल्लों में जल जमाव के कारण जन जीवन प्रभावित हुआ है। पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में भारी जल जमाव होने के कारण चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गयी है। पटना जंक्शन के पास एक से डेढ़ फीट तक पानी का जमाव है, जिस कारण यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। कल पटना जंक्शन की पटरियों पर पानी आ जाने से सिग्नल व्यवस्था प्रभावित हुई। इसके चलते पांच ट्रेन को रद्द करना पड़ा जबकि अठारह ट्रेनों के परिचालन में विलम्ब हुआ। पटना एयर पोर्ट पर भी भारी बारिश का असर देखने को मिला। खराब मौसम और दृश्यता का स्तर कम होने के चलते कल चौदह विमानों का परिचालन प्रभावित हुआ। इधर, नगर निगम और जिला प्रशासन की ओर से जल जमाव वाले इलाकों में बोरिंग लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, नवादा से हमारे संवाददाता ने बताया कि भारी बारिश के चलते लोगों की परेशानियां बढ़ गयी हैं।

–––बाईट–––

जिले में मूसलाधार बारिश होने के चलते शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी भीषण जल जमाव की स्थिति बन गयी है। नवादा सदर अस्पताल के कई वार्ड में पानी घुस जाने से मरीजों की परेशानी बढ़ गयी है। बारिश के चलते ओपीडी सेवा भी प्रभावित हुई है। हरिश्चन्द्र स्टेडियम में झील जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। सद्भावना चौक स्थित पावर सबस्टेशन में जल जमाव के कारण कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। इधर, नगर परिषद की ओर से जगह–जगह मोटर पंप लगाकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए नवादा से अशोक प्रियदर्शी।

इधर, सीवान, सारण, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नालंदा और लखीसराय समेत कई जिलों में बारिश के चलते जन जीवन प्रभावित हुआ है।

———————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में मॉनसून की सक्रियता के चलते आने वाले दिनों में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। दो अगस्त से मॉनूसनी सिस्टम के साथ–साथ एक चक्रवातीय परिसंचरण भी सक्रिय हो जायेगा। इससे कई जगहों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इधर, विभाग ने कहा है कि आज जमुई, बांका, भागलपुर और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गया, नवादा और मुंगेर जिले में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

———————————————————

आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने उत्तर बिहार के कम वर्षापात वाले सोलह जिलों में कृषि फीडर से चौदह घंटे प्रति दिन बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नहरों के अंतिम छोर तक पानी की पहुंच सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने प्रभावित जिलों में पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये।

———————————————————

चेन्नई में आयोजित हॉकी इंडिया सब जूनियर मेंस नेशनल चैंपियनशिप के एक मुकाबले में बिहार ने मिजोरम को दो एक से पराजित किया।

खगड़िया में आयोजित द्वितीय बिहार स्टेट जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में पटना के रणवीर सिंह ने अंडर नाईनटीन पुरूष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। वहीं, इसी आयु वर्ग में कटिहार की वैष्णवी ने खिताब जीता।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में हुई चर्चा की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– ऑपरेशन सिंदूर पर संसद गर्म।

प्रभात खबर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में विपक्ष को दिया जवाब। ऑपरेशन सिंदूर किसी के दबाव में नहीं रोका।

दैनिक भास्कर लिखता है– लगातार बारह घंटे हुई बारिश... अगले छह दिनों तक ऐसे ही बरसेगा पानी।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– उन्नीस वर्षीय दिव्या ने हम्पी को हराकर रचा इतिहास। महिला शतरंज विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी।

आज और राष्ट्रीय सहारा ने एसआईआर पर रोक से सुप्रीम कोर्ट के इंकार से जुड़ी खबरों को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. लोकसभा में आज भी ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी रहेगी। राज्यसभा में भी इसी मुद्दे पर आज होगी चर्चा की शुरूआत।

02. सर्वोच्च न्यायालय आज एक बार फिर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वैशाली में नवनिर्मित बुद्ध सम्यक संग्रहालय और स्मृति स्तूप का उद्घाटन करेंगे।

04. और, राजधानी पटना समेत दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में पिछले छत्तीस घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त। दो अगस्त से और भारी बारिश का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।